**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 559**
**उत्तर देने की तारीख 3 दिसंबर, 2025**

## ग्राम पंचायतों में वाई-फाई संपर्क

**559. डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगेः**
**श्री संदिपनराव आसाराम भुमरेः**
**श्री ज्ञानेश्वर पाटीलः**
**श्री निलेश ज्ञानदेव लंकेः**
**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकरः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा देश भर के विभिन्न राज्यों में ग्राम पंचायतों में वाई-फाई संपर्क प्रदान करने के कार्यक्रम में तेजी आई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विशेषकर महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और संघ राज्यक्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली में राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार कितनी ग्राम पंचायतों में वर्तमान में वाई-फाई संपर्क है;

(घ) वर्तमान वर्ष में ग्राम पंचायत इंटरनेट सेवाओं के लिए कितना वित्तीय परिव्यय आवंटित किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और संघ राज्यक्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) से (ग) दिनांक 17.11.2025 तक देश में सेवा प्रदान करने के लिए तैयार ग्राम पंचायतों (जीपी) की कुल संख्या 2,14,864 है। राज्य-वार विवरण डिजिटल भारत निधि की वेबसाइट (https://usof.gov.in/en/home) पर उपलब्ध है। कई ग्राम पंचायतों (जीपी) में वाई-फाई सेवा संस्थापित उपकरणों द्वारा समर्थित है।

(घ) और (ङ) चालू वित्त वर्ष 2025-26 में, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और संघ राज्य क्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली सहित देश के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में इंटरनेट/दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए डीबीएन स्कीमों के लिए 28,400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

****